हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 12 सितंबर 2025





04 चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने परतवाड़ा...



07 प्रतिभा के साथ आए अंतरिक्ष यात्री ने किया शहर की ...




## खबर संक्षेप

### विराट काव्य महोत्सव का आयोजन 13 व 14 को

**नर्मदापुरम।** समाजसेवा, कला, साहित्य,संस्कृति को सर्मपित संस्था नर्मदा आव्हान सेवा समिति व्दारा हिन्दी दिवस के अवसर पर विराट काव्य महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। समिति के किशोर करैया केप्टिन बताया की माँ मंदाकिनी के पावन तट, चित्रकूट जैसे ऐतिहासिक, धार्मिक,दार्शनिक पावन धाम मे देश के सुप्रसिद्ध, अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय एंव स्थापित कवियों के सानिध्य में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य पर दो दिवसीय 13 एवं 14 सितंबर को अखिल भारतीय कवि समागम एंव सम्मान समारोह होटल चित्रकूट दर्शन चित्रकूट मे आयोजित किया जा रहा है। समिति के हंस राय ने बताया की आयोजन मे देश के विभिन्न प्रांतों से 50 कवि,साहित्यकारो को आंमत्रित किया गया है केप्टिन करैया ने बताया की उपस्थित कवियों के काव्य पाठ उपरांत सभी कवियों का अतिथियों की उपस्थिति मे समिति व्दारा साहित्य गौरव सम्मान प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

### चेक बाउंस होने पर सुनाई 6 माह की सजा

**माखन नगर।** खाद बीज विक्रेता विजय कुमार जैन निवासी बाबई द्वारा अजय पिता हेमराज मीना निवासी गोंदलवाड़ा के विरुद्ध होशंगाबाद न्यायालय में 250000 रु. के चैक बाउंस का एक प्रकरण प्रस्तुत किया गया था। प्रकरण के निराकरण के परिपेक्ष्य में न्यायालय द्वारा 04 सितंबर को आरोपी अजय मीना को 6 माह के कारावास से दंडित कर 335470 रु. की राशि चुकाने का निर्णय पारित किया गया है।

### 1 लाख 5 हजार की प्रशासकीय स्वीकृति जारी

**नर्मदापुरम।** विधायक सोहागपुर की अनुशंसा पर कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा विधायक स्वेच्छानुदान निधि से 09 हितग्राहियों को 01 लाख 05 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

### कलेक्टर ने ऐतिहासिक क्षेत्र व अन्य विकास कार्यों का किया निरीक्षण

# नगर में हो रहे विकास कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

गुरुवार को नर्मदापुरम जिले की कलेक्टर सोनिया मीना ने नर्मदापुरम नगर के ऐतिहासिक महत्व के स्थानों का निरीक्षण किया।

कलेक्टर ने इस दौरान पुरातत्व विभाग द्वारा संरक्षित ऐतिहासिक धरोहर आदमगढ़ पहाड़िया, होशंगशाह गोरी किला का अवलोकन किया साथ ही हिंगलाज देवी मंदिर पहुंच कर दर्शन कर वहा पर पर्यटन गतिविधियों की संभावनाओं को तलाशने के निर्देश भी दिए। इसी के साथ कलेक्टर ने भोपाल चौराहे के सौंदर्यीकरण हेतु की जा रही कार्यवाही, बस स्टैंड उन्नयन कार्य एवं ऑडिटोरियम निर्माण का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

गुरूवार को कलेक्टर सोनिया मीना ने नगर की एतिहासिक महत्व के स्थानों का निरीक्षण किया एवं अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए।



#### एतिहासिक किले में व्यवस्था के दिए निर्देश

कलेक्टर ने प्रसिद्ध ऐतिहासिक महत्व की संरक्षित धरोहर आदमगढ़ पहाड़िया का भ्रमण कर वहां पर बनाये गए आदिकाल के भित्ति चित्र एवं रॉक शेल्टर का अवलोकन किया एवं प्रत्येक रॉक शेल्टर का भ्रमण कर पुरातत्व विभाग के कर्मचारी से उक्त संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर नेपहाड़ों एवं पत्थरों पर उकेरे गए आदिकाल के अभिलेखों एवं शैलचित्र का गहन परीक्षण किया। कलेक्टर ने शहर के एकमात्र ऐतिहासिक किले होशंगशाह गौरी के किले का भी निरीक्षण किया एवं किले में आवश्यक व्यवस्थाएं की जाए।

#### उच्च मानकों के अनुरूप हो सौंदर्यीकरण


कलेक्टर ने नगर के प्रमुख भोपाल चौराहे के सौंदर्यीकरण के लिये किए जा रहे निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने चौराहे के सौंदर्य करण के लिए निर्धारित की गई डिजाइन का अवलोकन कर निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए की निर्माण कार्य में उपयोग होने वाली सामग्री एवं कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए की कार्य को समय सीमा में पूरा कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि नगर में सर्वप्रथम यही चौराहे से होकर प्रवेश किया जाता है इसीलिए सौंदर्यीकरण का कार्य उच्च मानकों के अनुरूप ही किया जाए। साथ ही कलेक्टर ने बस स्टैंड उन्नयन कार्यों एवं निर्माणाधीन ऑडिटोरियम का भी सूक्ष्मता से निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण एजेंसी के ठेकेदार को निर्देश दिए की ऑडिटोरियम निर्माण में गति लाई जाए। कलेक्टर ने सीएमओ नर्मदापुरम को निर्देश दिए की निर्माण एजेंसी के साथ नियमित रूप से बैठक कर ऑडिटोरियम निर्माण की मॉनिटरिंग करें।

#### धार्मिक, पर्यावरण महत्व के स्थलों को करें चिन्हित

नर्मदापुरम में चिन्हित ऐतिहासिक धार्मिक एवं पर्यावरण महत्व के स्थलों का सर्किट बनाया जाए जिससे बाहर से आने वाले पर्यटकों के अतिरिक्त स्थानीय लोगो को भी इनकी विशेषता की जानकारी प्राप्त हो सके। उन्होंने जिला पर्यटन प्रबंधक मनोज ठाकुर को निर्देश दिए कि इन सभी स्थलों को सिटी वॉक से जोड़ने के लिए कोई ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए। गाइडों के माध्यम से पर्यटकों के लिए एवं स्कूल एवं कॉलेज के बच्चों को जानकारी देने के लिए भी सिटीवाक कराई जाए।निरीक्षण के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट शबृजेंद्र रावत, सीएमओ हेमेश्वरी पटले, जिला पर्यटन प्रबंधन मनोज ठाकुर सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## काफी मशक्कतों के बाद भी टीम की पकड़ से दूर है तेंदूआ

### एसटीआर प्रबंधन भेजेगा वन विहार



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व (एसटीआर) का तेंदुआ जंगल से बार-बार बाहर निकलकर ग्रामीण क्षेत्र में उत्पात मचा रहा है। ग्रामीणों के मुर्गी, बकरी, कुत्तों और पालतू पशुओं को वो अपना शिकार बनाकर खा रहा है। करीब 3 महीने से एसटीआर का अमला इस तेंदुए को रेस्क्यू करने और छोड़ने में ही लगा हुआ है। एसटीआर अब इस तेंदुए को वन विहार भेजने की तैयारी में लगा है। जिसके लिए धांसई के अलावा सातलदेही, केली में पिंजरा लगाया है। टीम ने तीन पिंजरे लगाएं है। लेकिन लालच पिंजरे में बंद बकरी के लालच में नहीं आ रहा है।

तेंदुए के मूवमेंट से गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीण घर से अकेले बाहर निकलने से डर रहे है। तेंदुआ पलभर में गांव में आकर बकरी, मुर्गी, कुत्तों को उठाकर ले जा रहा है। इस तेंदुए को 19 जून को पहली बार सिंघानामा के पास से पकड़ा गया था। चूरना के जंगल में छोड़ा गया। तेंदुआ को पहली बार जंगल में छोड़ने के दौरान कालर आईडी उसे लगाई थी। तभी से उसकी पल पल की मॉनिटरिंग की जा रही है। फील्ड डायरेक्टर राखी नंदा ने बताया तेंदुए को दो बार पिंजरे में रेस्क्यू किया। घने जंगल में ऐसी जगह छोड़ा, जहां से वापस नहीं आ पाएं, बावजूद वो चलकर वापस ग्रामीण क्षेत्र में पहुंच रहा है। मुर्गी, बकरी और कुत्तों को शिकार बना रहा है। जिससे उसकी सुरक्षा और ग्रामीणों की सुरक्षा की जिम्मेदारी है। इसलिए अब तेंदुए को वन विहार भेजने की अनुमति मिल गई है। हमने तीन पिंजरे भी लगाएं है।

## गड्ढे में गिरी गाय, कोशिशों के बाद निकाला बाहर लापरवाही करने वालों पर कार्रवाई की हुई मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सोहागपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लांघा के स्टेट हाईवे स्थित मोड़ पर मोबाइल कंपनी के द्वारा गड्ढे खोदे जा रहे हैं। इसी तरह के खोदे गए एक गड्ढे में बीती रात एक गाय गिर गई थी। रास्ते से जाते हुए एक युवक ने गाय के फुसफुसाने की आवाज सुनी तो देखा कि छह फिट गहरे गड्ढे में गाय गिरी हुई पड़ी है। मोड़ पर अंधेरा होने के कारण गाय दुर्घटना का शिकार हो गई थी। मौके पर कुछ युवाओं ने पहुंचकर उसे निकालने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हुए। जिसके बाद 112 नंबर पर पुलिस थाने में सूचना दी व उन्हें बुलाने का प्रयास किया। लेकिन वाहन सेवा वालों ने कहा कि बजरंग दल वालों से संपर्क करें। तब सूचना पर बजरंग दल से शिवकुमार पटेल ने मौके पर पहुंचकर विजय छाबड़िया



और नीरज रघुवंशी मम्मा के सहयोग से गड्ढे में पड़ी गाय को बाहर निकाला। पटेल ने बताया उन्होंने तत्काल मौके से ही एसडीएम प्रियंका भल्लावी को अवगत कराया कि लापरवाही पूर्वक मोबाइल कंपनी ने गड्ढे खोदे हैं। जिनसे अप्रिय घटना घट सकती है अतः कंपनी के विरुद्ध कार्रवाई करें।

### जिले की महिलाओं के लिए लगेंगे विशेष शिविर

**नर्मदापुरम।** केंद्र सरकार की ओर से ₹स्वस्थ नारी सशक्त परिवार₹ अभियान की शुरुआत 17 सितंबर से हो रही है जो 2 अक्टूबर तक जारी रहेगी। प्रधानमंत्री इस अभियान का शुभारंभ करेंगे। नर्मदापुरम जिले में जिला अस्पताल सहित प्राथमिक, सामुदायिक व आयुष्मान केंद्रों पर सभी जगह शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसमें अभियान को लेकर सीएमएचओ डॉ नरसिंह गेहलोत ने बताया कि 17 सितंबर से प्रारंभ हो रहे विशेष महिला स्वास्थ्य शिविरों में महिलाओं में स्वास्थ्य व पोषण से जुड़ी चुनौतियों की पहचान कर उन्हें समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

## नगर पालिका स्वच्छता टीम ने विद्यार्थियों सहित शिक्षकों को दिलाई स्वच्छता की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नपाध्यक्ष नीतू यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर टैगोर मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल नारायण नगर में गुरूवार को सभी बच्चों एवं शिक्षकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी ने बताया कि स्वच्छता हेतु सभी को जागरूक किया गया तथा अपने शहर अपने देश को स्वच्छ बनाने एवं कचरा कचरा गाड़ी में अलग-अलग डालने की शपथ दिलाई गई। सभी को गंदगी न करने ओर न करने देने की शपथ दिलाई गई। नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने कहा कि लगातार नगरपालिका द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। नगर के सभी नागरिकों और व्यापारीगणों से आग्रह है कि वे कचरा, कचरा वाहन में डालें। यहां वहां कचरा न फैंकें। इससे न सिर्फ गंदगी फैलती है बल्कि स्वास्थ्य के प्रतिकूल भी होता है।

## वन विभाग की खेलकूद प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

### विजेता खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए होगा चयन, वृत्त का करेंगे प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

गुरुवार को नर्मदापुरम पुलिस लाइन ग्राउंड में मध्यप्रदेश वन विभाग की 28वीं वृत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ सीसीएफ अशोक कुमार चौहान और सतपुड़ा टाइगर रिजर्व (एसटीआर) की फील्ड डायरेक्टर राखी नंदा ने किया।

इस आयोजन में नर्मदापुरम, हरदा, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व, कार्य योजना इकाई, और वन उत्पादन इकाई से आए करीब 100 फॉरेस्ट अधिकारी और फील्ड कर्मचारी शामिल हुए। सभी प्रतिभागी अपने-अपने वनमंडलों के झंडों के साथ कतारबद्ध होकर मैदान में पहुंचे,



जिससे आयोजन का माहौल और भी उत्साहपूर्ण हो गया। प्रतियोगिता में इनडोर और आउटडोर दोनों तरह के खेल आयोजित किए गए, जिनमें पुरुषों और महिलाओं ने अलग-अलग वर्गों में भाग लिया। खेलों में 100 मीटर दौड़, पैदल चाल, मैराथन, रिले दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, गोला फेंक, भाला फेंक जैसे शारीरिक दमखम वाले खेलों के साथ-साथ कैरम, शतरंज, बैडमिंटन और टेबल टेनिस जैसे दिमागी और तकनीकी खेलों को भी शामिल किया गया।सभी खेल गतिविधियां जिला खेल अधिकारी और उनकी टीम की निगरानी में सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हो रही हैं। महिला कर्मचारियों ने भी दौड़ और अन्य खेलों में जोश के साथ भाग लिया, जिससे आयोजन में समावेशिता और प्रतिस्पर्धा दोनों का संतुलन देखने को मिला।कार्यक्रम के उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि अशोक कुमार चौहान ने कहा कि खेलकूद न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी हैं, बल्कि यह टीमवर्क, आपसी समझ और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं वन विभाग के कर्मचारियों को मानसिक तनाव से राहत देने और उन्हें एक दूसरे के करीब लाने का माध्यम बनती हैं।

प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा, जहां वे अपने वृत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## रोजगार मेले में 229 छात्र-छात्राओं को मिला रोजगार, 907 युवाओं ने कराए थे रजिस्ट्रेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशन में शासकीय औद्योगिक प्रषिक्षण संस्था नर्मदापुरम में गुरूवार 11 सितम्बर को रोजगार एवं स्वरोजगार मेला सफलतापूर्वक समापन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि दर्शन सिंह चौधरी लोकसभा सांसद एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर सरस्वती पूजन एवं माल्यार्पण किया गया। कार्याक्रम में मुख्य अतिथि लोकसभा सांसद द्वारा छात्र-छात्राओं को संबोधित कर रोजगार एवं स्वरोजगार मेले की जानकारी दी गयी एवं शासकीय योजनाओं से भी अगवत कराया एवं कंपनी प्रतिनिधियों के स्टॉल भ्रमण कर



चर्चा की। कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अध्यक्ष नीतू यादव द्वारा छात्र-छात्राओं को रोजगार मेला की जानकारी दी गयी। रोजगार मेला में योगेन्द्र राजपूत, रूपेश राजपूत, सागर शिवहरे, दीपक महालहा, नारायण कीर, रामू चौहान, अनिल दुबे, अनिल चौबे, राजकुमार निर्मल राजपूत उपस्थित रहे। रोजगार एवं स्वरोजगार मेला में 907 ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन हुए, जिसमें से मेला मे कुल 350 छात्र एवं छात्राऐं उपस्थित हुए। जिसमें कुल 23 कंपनियां एवं 10 शासकीय विभागों ने स्टॉल लगाया। जिसमें से रोजगार 208 को प्रथमिकता स्तर पर चयनित किया गया एवं स्वरोजगार योजना के तहत 21 लागों को लाभान्वित किया गया कुल 229 छात्र एवं छात्राओ को लाभान्वित किया गया।

### गड़ाघाट में हुई किसान खेत पाठशाला आयोजित

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर ससोनिया मीना के निर्देशानुसार ग्राम गड़ाघाट और सांडिया विकासखंड पिपरिया में बुधवार 10 सितम्बर को प्रथम दिन किसान खेत पाठशाला की शुरुआत की गई। इस कार्यक्रम के माध्यम से कृषि अभियांत्रिकी विभाग पवारखेड़ा से आए उपयंत्री शोभित ठवरे द्वारा किसानों को खेत में नरवाई न जलाने हेतु जागरूक किया गया एवं उन्होने बताया कि नरवाई प्रबंधन यंत्र सुपरसीडर, हैप्पीसीडर, स्मार्टसीडर, रीपर, रीपर कम बाइंडर, बेलर, स्लेशर, हे रैक, जीरो टिलेज सीड कम फर्टिलाइजर आदि यंत्रो की उपयोगिता एवं कैसे इन यंत्रों के माध्यम से नरवाई प्रबंधन किया जा सकता है, साथ ही किस यंत्र में कितना अनुदान है की जानकारी दी गई।

## नपाध्यक्ष ने किया नेहरू पार्क की लाइब्रेरी का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

बुधवार को नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा नेहरू पार्क स्थित लाइब्रेरी का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही लाइब्रेरी में पुस्तकों की और प्रतिदिन कितने लोगों आते हैं की जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने लाइब्रेरी भवन के जीर्णोद्धार के निर्देश दिए। इस संबंध में नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने बताया कि लाइब्रेरी में ज्ञानवर्धक पुस्तकें उपलब्ध हैं। न्यूज पेपर भी प्रतिदिन आते हैं। जल्द ही हम आधुनिक बनाने का प्रयास करेंगे। जिससे कि इस लाइब्रेरी में समूची विश्व की ताजा जानकारी मिल सके और बच्चे अपना ज्ञान आवर्धन कर सकें।

### जिले भर में 243 वाहनों पर किया 85 हजारा का चालान

## सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत यातायात व पुलिस की संयुक्त टीम का अभियान लगातार जारी, बांटे हेलमेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने का अभियान 22 सितंबर तक जारी रहेगा। पुलिस मुख्यालय से जारी निर्देशों के अनुसार लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने की दृष्टि से 15 दिवसीय अभियान में तेज गति से वाहन चलाना, बिना हेलमेट या सीटबेल्ट वाहन चलाना, नाबालिग द्वारा वाहन चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करना, शराब पीकर वाहन चलाना, ओवरलोडिंग व बिना कागजों के जैसे लाइसेंस, फिटनेस और परमिट के वाहन



चलाने पर विशेष ध्यान दिया जा कर कार्यवाही की जा रही है । पुलिस अधीक्षक साईंकृष्णा एस थोटा के निर्देश पर एवं डीएसपी यातायात और सभी अनुविभाग के एसडीओपी के नेतृत्व में जिले भर में वाहन चेकिंग का विशेष अभियान लगातार चलाया गया। जिले भर में कुल 243 चालान किया जा कर जुर्माना 85000/-रुपए वसूल किया गया है।

#### 20 छात्र-छात्राओं को निःशुल्क किया गया हेलमेट का वितरण

इस अभियान के अंतर्गत गुरूवार को पुलिस एवं परिवहन द्वारा संयुक्त रूप द्वारा एनएमव्ही कॉलेज पर छात्र छात्राओं को नियमों के प्रति जागरूक किया गया और यातायात नियमों का पालन करने वाले और सही वाहन रखने वाले 20 छात्र छात्राओं को निःशुल्क हेलमेट का वितरण किया गया। वाहन चलाते हुए नाबालिगों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही संबंधी प्रावधान से अवगत कराते हुए बताया गया कि चालक के साथ ही वाहन स्वामी पर कार्यवाही के प्रावधान हैं साथ ही ऐसे वाहन का रजिस्ट्रेशन निरस्त कराने की कार्यवाही भी की जाती है। मोटर व्हीकल एक्ट संशोधन नियम 2019 नियम 199 के अंतर्गत बिना लाइसेंस के नाबालिग के वाहन चलाने पर वाहन स्वामी को तीन साल तक की सजा एवं 25000 तक का जुर्माना एवं एक साल तक वाहन का रजिस्ट्रेशन निरस्त करने का प्रावधान है।

## कमिश्नर ने तहसील कार्यालय पिपरिया का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने गुरुवार को तहसील कार्यालय पिपरिया का औचक निरीक्षण किया, इस दौरान उन्होंने तहसील कार्यालय में पदस्थ सभी कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका एवं तहसीलदार कोर्ट द्वारा पारित नामांतरण के आदेश का परीक्षण किया। तहसीलदार कोर्ट एवं कानूनगो शाखा पहुंचकर प्रकरणों की स्थिति का अवलोकन किया। कमिश्नर ने साडिया एवं मटकुली के नायब तहसीलदार कोर्ट में आए प्रकरणों मैं पारित आदेश की बारीकी से जांच भी की। इस दौरान उपायुक्त राजस्व गणेश जायसवाल, एसडीएम पिपरिया अनीशा वास्तव, तहसीलदार वैभव बैरागी एवं अन्य अधिकारी गण उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन ने ग्रहण किया पदभार



**बैतूल।** बैतूल पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन ने गुरूवार को बैतूल पहुंचकर पदभार ग्रहण किया। श्री जैन के बैतूल पहुंचते ही पुलिस अधिकारियों ने उनका पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इसके पश्चात एसपी ने सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों का परिचय हासिल किया। उन्होंने पत्रकारों से भी चर्चा की। इस दौरान एएसपी, एसडीओपी सहित अन्य पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे।

### अवैध शराब परिवहन करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बैतूल।** आठनेर पुलिस ने अवैध शराब का परिवहन करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक काले रंग की मोटर साइकिल क्रमांक एमपी 48 एमएस 8699 से डूडर से आठनेर की ओर अवैध शराब परिवहन की जा रही है। सूचना पर पुलिस ने आरोपी सुखलाल पिता दौलत कुमरे(26) निवासी ग्राम डूडर, थाना आठनेर को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 60 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमत 6 हजार बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी सुखलाल कुमरे के विरुद्ध अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय प्रस्तुत किया गया।

### मध्यप्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर्स की बैठक कल

**बैतूल।** मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल पेंशनर एसोसिएशन की मासिक बैठक शनिवार, 13 सितम्बर को दोपहर 12 बजे लिंक रोड स्थित कैपिंग हाउस में आयोजित की जाएगी। एसोसिएशन के संगठन सचिव प्रकाश माण्डवे ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बैठक में हाल ही में ग्वालियर में आयोजित रजत जयंती समारोह में मध्यप्रदेश शासन के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर द्वारा की गई घोषणाओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। यह समारोह 05 सितम्बर को संपन्न हुआ था, जिसमें पेंशनर्स के हित में कुछ महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई थीं, जिनकी जानकारी बैठक के माध्यम से सभी सदस्यों को दी जाएगी। बैठक में मंहगाई राहत से संबंधित धारा 49(6) तथा पेंशन एस्क्रो गारंटी के विषय में शासन से चल रही चर्चाओं की स्थिति से भी अवगत कराया जाएगा। इसके अलावा संगठन को और अधिक सशक्त व संगठित करने हेतु सदस्यों से प्राप्त सुझावों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। संगठन सचिव प्रकाश माण्डवे ने बताया कि विद्युत मंडल की सभी कंपनियों के कर्मियों एवं पेंशनर्स के लिए कैशलेस चिकित्सा बीमा योजना लागू कर दी गई है,साथ फार्म भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है।

### 2 मामलों का खुलासा, 2 लाख 35 हजार नकदी और 3 लाख का मशरूका जब्त

# चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने परतवाड़ा से किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



कोतवाली पुलिस ने चोरी करने वाले आरोपी दीपक दांगडे को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। जिसके कब्जे से कुल 3,15,000 का मसरूका जब्त किया है। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार 8 मई को फरियादी कृष्ण पाठा पिता जगन्नाथ पाठा (40) निवासी ग्राम भडूस ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 5 मई को अज्ञात आरोपी उसके घर से 50-50 रुपये की 10 गड्डियां (कुल 50,000) चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर धारा 331(3), 305(8) भा.दं.सं. (बीएनएस) का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

वहीं 9 सितंबर को फरियादी लक्ष्मण गाडगे पिता सुखचंद गाडगे (52) निवासी प्रभुढाना ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 8 सितंबर को अज्ञात आरोपी उसके सूने घर से 2,50,000 नगदी चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर धारा 331(3), 305(8) भा.दं.सं. (बीएनएस) का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों एवं आसूचना संकलन के आधार पर संदिग्ध व्यक्ति की पहचान कर ग्राम खरपी, थाना परतवाड़ा (महाराष्ट्र) से अभिरक्षा में लिया। पूछताछ पर उसने अपना नाम दीपक दांगडे पिता भीमराव दांगडे, उम्र 28 वर्ष, निवासी ग्राम घुघरी थाना भैंसदेही, हाल निवासी ग्राम खरपी थाना परतवाड़ा (महाराष्ट्र) बताया। उसने दोनों चोरी की वारदातें करना स्वीकार किया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। पुलिस ने आरोपी से नगदी 2,35,000 और घटना में प्रयुक्त मोटरसायकल हीरो सीडी डिलक्स, कीमत लगभग 80,000, कुल मसरूका 3,15,000 रूपये जप्त किया है। इस कार्रवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रविकांत डेहरिया, प्रशिक्षु डीएसपी सुश्री शैफा हाशमी, उपनिरीक्षक राकेश सरयाम, सउनि प्रवीण पचौरी, प्र.आर. अजय भालावी, प्र.आर. नानकराम, आर. नितिन, आर. रोहित, आर. ओमकार, म.आर. निर्मला, आर. मनोज इवने (थाना भैंसदेही), सायबर सेल टीम (आर. राजेन्द्र धाडसे, आर. बलराम राजपूत, आर. दीपेन्द्र सिंह) की सराहनीय भूमिका रही।



### बगडोना स्थित सट्टा फड़ पर दबिश 13,090 नकदी जब्त

*सारनी। पाथाखेड़ा पुलिस ने बगडोना, पाथाखेड़ा स्थित पूरन नामक व्यक्ति द्वारा संचालित अवैध सट्टा फड़ पर दबिश दी गई। दबिश के दौरान मौके से 2 व्यक्तियों को सट्टा लिखते एवं 5 व्यक्तियों को सट्टा लगाते हुए गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने पूरन पिता सोहबन वरकडे 4,500, रवि पिता सालाकरम धुर्वे 2,500, संजू पिता दयाराम पवार 1,500, शिवनाथ पिता विश्राम परते 1,500, अनुराग यादव पिता रमन यादव 1,000, नरापन शाह पिता पुलिन शाह 1,600 और ब्रजलाल धुर्वे पिता गणेश धुर्वे 400 रूपये कुल नगदी 13,090 रूपये जब्त किये और आरोपियों के विरुद्ध धारा 4(क) सट्टा एक्ट के तहत आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। इस कार्रवाही में निरीक्षक जयपाल इवनाती, उप निरीक्षक वंशज श्रीवास्तव, प्रधान आरक्षक ज्ञान सिंह टेकाम, उर्मिला की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि अवैध गतिविधियों, जुआ-सट्टा, नशे का सेवन या विक्रय जैसी गैरकानूनी गतिविधियों की सूचना तुरंत नजदीकी थाने या डायल 112 पर दें। दी गई सूचना पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।*

## ट्रैक्टर की ट्रॉली व रोटावेटर चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल



**बैतूल।** बैतूल बाजार पुलिस ने चोरी के एक मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल दाखिल किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 28 मार्च को फरियादी दिलीप पिता विठ्ठलराव काले निवासी कोलगांव ने रिपोर्ट की कि उसके ट्रैक्टर की ट्रॉली चोरी हो गई है। रिपोर्ट पर थाना बैतूल बाजार में धारा 303(2) बीएनएस का पंजीयन कर विवेचना में लिया गया। 02 सितंबर को फरियादी कृष्ण कुमार हारोडे पिता किशोरीलाल हारोडे, उम्र 50 वर्ष, निवासी ग्राम सेहरा ने रिपोर्ट की कि उसके ट्रैक्टर का रोटावेटर चोरी हो गया है। रिपोर्ट पर थाना बैतूल बाजार में धारा 303(2) बीएनएस का पंजीयन कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर संदेही कमलेश पिता मुड्डा उइके निवासी बज्जरबाड़ा, चौकी पाढर, थाना कोतवाली को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार किया और बताया कि उसने अपने साथी गुड्डु उर्फ रविन्द्र नर्रे पिता दौलत नर्रे निवासी कुप्पा थाना कोतवाली तथा दो नाबालिग अपचारी बालकों के साथ मिलकर चोरी की घटनाएं की हैं। आरोपी ने थाना बैतूल बाजार से ट्रैक्टर की 01 ट्रॉली एवं 01 रोटावेटर, थाना आठनेर से 02 ट्रॉली, थाना सांईखेड़ा से 01 ट्रॉली तथा थाना आमला से 01 ट्रॉली चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से अलग-अलग स्थानों से कुल 6 नग चोरी का सामान (5 ट्रॉली एवं 01 रोटावेटर) बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 6,90,000 है। आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय बैतूल में पेश किया गया, जहां से उसे जेल वारंट जारी कर जेल दाखिल किया गया है। वहीं फरार आरोपी की तलाश जारी है। इस खुलासे में थाना प्रभारी निरीक्षक अंजना धुर्वे, उपनिरीक्षक विनोद मालवीय, सहायक उपनिरीक्षक रमन धुर्वे, प्रधान आरक्षक प्रकाश धुर्वे, आरक्षक मुकेश पवार, आरक्षक कमल पवार, आरक्षक मनोज कोलारे एवं आरक्षक कमल चौरे की सराहनीय भूमिका रही।

### पत्नी से विवाद के बाद आत्मदाह की कोशिश


## युवक ने खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगाई, 70 फीसदी जला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

एक युवक ने खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। वह 70 फीसदी तक झुलस गया। उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल से भोपाल रेफर किया गया है। घटना नंदीखेड़ा गांव में बुधवार देर रात की है। रामविलास परते (35) शराब पीने का आदि है। उसकी इस आदत से पत्नी से अक्सर विवाद होते रहता है। बुधवार को भी झगड़े के बाद रामरतन ने गुस्से में अपनी बाइक से पेट्रोल निकाला और खुद पर डालकर आग लगा ली। परिजनों ने तुरंत उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां रात करीब डेढ़ बजे उसे भर्ती किया गया। इसके तुरंत बाद भोपाल रेफर कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। टीआई रविकांत डहरिया ने बताया कि जिला अस्पताल में रामविलास के बयान दर्ज किए गए हैं, जिसमें उसने खुद ही पेट्रोल डालकर आग लगाने की बात कबूल की है। वहीं, पत्नी ने बताया कि दोनों के बीच किसी बात पर कहासुनी हुई थी, जिसके बाद उसने आत्मदाह का प्रयास किया। परिजनों ने बताया कि गुस्से में उसने घर में खड़ी बाइक से एक बोतल में पेट्रोल निकाला और खुद पर छिडक़कर लाइटर से आग लगा ली। घर के लोग कुछ समझ पाते उसके पहले ही वह आग में घिर चुका था।

### चोरपांढरा में हुआ भीषण हादसा

## बल्कर में घुसी बाइक, चालक की मौत, जांच में जुटी पुलिस




**सारनी।** भीषण सडक़ हादसे में एक युवक की मौत हो गई। घटना स्टेट हाईवे 43 पर चोरपांढरा गांव की है। यहां दुर्घटनाग्रस्त खड़े बल्कर में घोड़ाडोंगरी निवासी युवक अपनी बाइक के साथ घुस गया। गंभीर हालत में राहुल चंदेलकर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घोड़ाडोंगरी ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान गंभीर रूप से घायल राहुल चंदेलकर की मौत हो गई। हादसा बुधवार रात करीब 9.30 बजे का है। हादसा कैसे हुआ, किसकी गलती से हुआ, बल्कर आपस में कैसे टकराए, इसकी जांच घोड़ाडोंगरी पुलिस कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के सतपुड़ा थर्मल पावर प्लांट से राख लेने आने वाले बल्कर एनएल 01 क्यू 3278 ब्रेकर के पास ब्रेकडाउन था। बताया जा रहा है कि वायरिंग में फाल्ट की वजह से चालक में सडक़ किनारे खड़ा कर दिया था। इसी दौरान पीछे से आ रहे दूसरे वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। इसी बीच पीछे आ रहा मोटरसाइकिल चालक कुछ समझ नहीं पाया और बल्कर से भिड़ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। सारनी निवासी अमित राजपूत ने बताया स्टेट हाईवे पर यह हादसा रात 9 से 10 बजे के बीच का है। दुर्घटना के कुछ देर बाद मेरे द्वारा 112 से संपर्क साधा गया। इसके बाद टोल प्लाजा को सूचना दी गई। रानीपुर थाना प्रभारी अवधेश तिवारी ने बताया हादसा रात में हुआ है। सूचना पर डायल 112 पहुंची थी। बाइक सवार युवक को गंभीर चोट थी। जिसे प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था।

## चिचोली में रोजगार मेला 12 को

**बैतूल।** जिला रोजगार कार्यालय, आईटीआई, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बैतूल के संयुक्त तत्वावधान में युवा संगम के तहत जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला 12 सितम्बर को प्रातः 11 से 4 बजे तक शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था चिचोली के समीप नगरपालिका ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में 12 प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों पर अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। उन्होंने सभी युवाओं से रोजगार मेले का लाभ लेने की अपील की है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि नगर पालिका चिचोली के ऑडिटोरियम में आयोजित रोजगार मेले में वर्धमान फैब्रिक्स प्राइवेट लिमिटेड बुदनी में मशीन ऑपरेटर के 150 पदों के लिए, कुलोदय टेक्नोपैक प्राइवेट लिमिटेड दमन गुजरात में 100 पदों तथा यशस्वी ग्रुप भोपाल में अप्रेंटिस के 50 पदों के लिए योग्यता 8वीं, 10वीं, 12वीं, आईटीआई उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। जेके बायो एग्रीटेक प्राइवेट लिमिटेड भोपाल में सेल्स एग्जीक्यूटिव के 20 पद, पुखराज हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड भोपाल में मैनेजर के 100 पदों तथा अकाजा फैशन हब बैतूल में सेल्स एग्जीक्यूटिव के 20 पदों के लिए योग्यता 10वीं, 12वीं, स्नातक उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। इसी प्रकार सीआईआई कौशल प्रशिक्षण केंद्र छिंदवाड़ा में मोटर मैकेनिकल के 25 पद तथा डीएंडके करियर सेंटर छिंदवाड़ा में मशीन ऑपरेटर के 50 पदों के लिए योग्यता 10वीं, 12वीं, आईटीआई होना आवश्यक है। शक्ति मोटर्स मुलतापी प्राइवेट लिमिटेड मुलताई में सेल्स एग्जीक्यूटिव, सेल्स मैनेजर, मैकेनिक हेल्पर के 25 पदों के लिए योग्यता 8वीं से स्नातकोत्तर, आईटीआई डिप्लोमा होना अनिवार्य है।

### शा. वाहन चालक संघ का विस्तार

## विश्वकर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित झोड़ सचिव बने



**बैतूल।** मप्र शासकीय वाहन चालक यांत्रिकी कर्मचारी संघ की बैठक संघ के जिला अध्यक्ष राजेश कोरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें संघ की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए कृष्णा विश्वकर्मा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मुकेश सोनी उपाध्यक्ष, अमित झोड़ सचिव, मूलचंद गुरदे उपसचिव, सुग्रीव धुर्वे कोषाध्यक्ष, मंजु उइके सह कोषाध्यक्ष, बलवंत राव देशमुख प्रचार प्रभारी, दिनेश मालवीय प्रचार सचिव, मनीष उइके संगठन मंत्री, संजय बुंदेला सहायक यंत्री सहित कार्यकारिणी सदस्य मनीष धुर्वे, तीरथ सिंह सिसोदिया, कुंदन माहोरे, राजेश कौशल, नारायण मालवीय को सर्वसम्मति से मनोनीत किया है। नवनियुक्त कर्मचारियों को संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों ने बधाई दी है।

## सांदीपनि विद्यालय के बच्चों ने किया स्टेट बैंक ऑफ इंडिया घोड़ाडोंगरी का भ्रमण

### बैंकिंग कार्यप्रणाली से रूबरू हुए स्कूली बच्चे

**बैतूल।** सांदीपनि विद्यालय घोड़ाडोंगरी के कक्षा 11 एवं 12वीं अर्थशास्त्र विषय एवं ब्यूटी वेलनेस के विद्यार्थियों ने गुरुवार स्टेट बैंक आफ इंडिया घोड़ाडोंगरी का भ्रमण किया ।स्टेट बैंक के ब्रांच मैनेजर अरविंद सिंह ने शाला के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का स्वागत किया। ब्रांच मैनेजर अरविंद सिंह ने उपस्थित विद्यार्थियों को बैंकिंग कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से समझाया जिसमें एजुकेशन लोन, स्टार्ट अपलोन पर्सनल लोन आदि के विषय में विस्तृत जानकारी दी। शाला के विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का काफी अच्छे से उत्तर



दिया साथ ही प्रधानमंत्री बीमा योजना के बारे में विस्तृत रूप से विद्यार्थियों को बताया एवं अपने माता-पिता को बीमा करने के लिए प्रोत्साहित करने की समझाइए दी। उन्होंने साइबर फ्रॉड के बारे में विस्तृत रूप से बताया किसी भी अनजान लिंक पर ई -केवाईसी न करने की सलाह दी। इसी प्रकार राशि डबल करने जैसे वादों के लालच में ना कर किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से ही रूपयो के लेनदेन करने की सलाह दी। किसी अनजान व्यक्ति, बीमा कंपनी से लोन या अन्य लेनदेन न करने की सलाह दी।

# जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के साथ मनाएंगे मोदी का जन्म दिवस: पवार

### सेवा पखवाडा को लेकर आठ मंडलों की कार्यशाला संपन्न




हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से 2 अक्टुबर तक चलने वाले सेवा पखवाडा के तहत जिला भाजपा के 30 संगठनात्मक मंडलो की कार्यशाला होना है जिनमें आज जिले के आठ मंडलो की कार्यशालाएं संपन्न हुई।

इसी कडी में बडोरा मंडल की कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पवार ने कहा कि हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का पूरा जीवन प्रेरणादायी है। श्री मोदी के जन्म दिवस से लेकर महात्मा गांधी के जन्मदिवस 2 अक्टुबर तक विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रम जिला एवं मंडल स्तर पर होने वाले है। जिसके तहत रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, संगोष्ठियां एवं एक पेड मॉ के नाम के साथ साथ 25 सितंबर को हर बूथ पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती भी मनाई जाएगी। श्री पंवार ने कहा कि जनकल्याणकारी कार्यक्रमो मे समाज के हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए हम मंडल की कार्यशालाएं कर रहे है। जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की आपेक्षीत सफलता के लिए अपने क्षेत्र के मोर्चा पदाधिकारीयों व वरिष्ठ जनो के साथ लगातार संवाद करना हमारी परंपरा रही है। नए लोग कार्यक्रम में जुडे इसका प्रयास हम सभी को करना है। किस तरह हम जनकल्याणकारी कार्यक्रमो में नवाचार अपना सकते है। इसको लेकर भी चिंतन करें सबके सामुहिक प्रयास से हमने पिछले कार्यक्रमो मे उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इसीलिए प्रदेश नेतृत्व की मंशा को शत प्रतिशत पूरा करने की हमारी दोहरी जिम्मेदारी है। इसके लिए हमें दोगुनी उर्जा के साथ सेवा पखवाडे के लिए आज से ही जुट जाना है। बडोरा मंडल की कार्यशाला के दौरान जिला उपाध्यक्ष इंद्रपाल पुंडे, किसान मोर्चा उपाध्यक्ष भोला खंडेलवाल, मंडलअध्यक्ष नीतू पटेल, मंडल उपाध्यक्ष लक्ष्मण भैया , जनपद सदस्य पिंटू काकोडिया, वरिष्ठ नेता भगवान सिंह मौजूद रहे। कार्यशाला का मंच संचालन महामंत्री कृष्णा पाठा एवं कार्यशाला की समाप्ति पर आभार प्रवीण मंडाले द्वारा किया गया एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यशाला का समापन किया गया। मंडल कार्यशाला में मंडल के सभी पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, बूथ प्रभारी, पंच, सरपंच, सोशल मीडिया प्रभारी देवेश नारे, सोशल मीडिया सह प्रभारी विजय खण्डेलवाल सहित सभी पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मेंटनेंस के कारण बंद रहेगी बिजली

**बैतूल।** बिजली कंपनी द्वारा 12 सितंबर से 19 सितंबर की अवधि में 11 केव्ही लाइन गंज, खंजनपुर, कोसमी औद्योगिक, कालापाठा, ग्रीन सिटी, रामनगर तथा सोना घाटी फीडर का अलग-अलग तिथियों में मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। इस दौरान संबंधित क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति निर्धारित समय तक बाधित रहेगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार 12 सितंबर को 11 केव्ही गंज फीडर के मेंटेनेंस कार्य के चलते प्रातः 9 से दोपहर 2 बजे तक आबकारी, सिंधी कॉलोनी, देना बैंक, लोहिया वार्ड, तेल टंकी, लक्की सेंटर, कांति शिवा टॉकीज, सेंट्रल बैंक, एसबीआई बैंक, मैकेनिक चौक, अग्रवाल पेट्रोल पंप, बीजेपी कार्यालय, डॉ. मुले, गुरुद्वारा रोड, हाथी नाला, डॉक्टर लश्करे, बीएसएनएल ऑफिस, पुलिस क्वार्टर, हाउसिंग बोर्ड, गंज महाराष्ट्र बैंक आदि क्षेत्र में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। वहीं 13 सितंबर को 11 केव्ही खंजनपुर फीडर में प्रातः 9 से दोपहर 2 बजे तक खंजनपुर, अर्जुन नगर, टेलीफोन कॉलोनी, विकास नगर, कालापाठा, दुर्गा वार्ड, कत्तलढाना, सुयोग कॉलोनी, सरस्वती स्कूल, डिपो रोड आदि क्षेत्र में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। 14 सितंबर को 11 केव्ही कोसमी औद्योगिक फीडर के मेंटेनेंस के चलते प्रातः 9 से दोपहर 2 बजे तक गर्ल्स आईटीआई, ज्योति टायर, लक्ष्मी इंजीनियरिंग, खंडेलवाल दवा फैक्ट्री, वासु प्लास्टिक, अरिहंत दाल मिल, रघुवंशी पाइप फैक्ट्री, ताप्ती एक्वा, राजा कुलिंग, शिवा पाइप, श्रीजी इंडस्ट्रीज, रामदेव शुगर मिल, प्रकाश ग्रेनाइज, नानक प्लाई, कबेलू फैक्ट्री एवं समस्त कोसमी औद्योगिक क्षेत्र एवं पंप क्षेत्र, कोसमी, सोनाघाटी बजरंग मंदिर, सोनाघाटी कॉलेज क्षेत्र में विद्युत सप्लाई प्रभावित रहेगी। वहीं 15 सितंबर को 11 केव्ही कालापाठा फीडर के मेंटेनेंस कार्य के चलते प्रातः 9 से दोपहर 2 बजे तक लोहिया वार्ड, चुन्नी ढाना, राजेंद्र वार्ड, सिविल लाइन, संजय कॉलोनी, मुर्गी चौक, शिवाजी वार्ड, स्वीपर कॉलोनी, जेएच कॉलेज रोड आदि क्षेत्र में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी।
16 सितंबर को 11 केव्ही ग्रीन सिटी फीडर के मेंटेनेंस के चलते विनोबा नगर, विवेकानंद वार्ड, भग्गूढाना, खादी उद्योग के पास, ग्रीन सिटी, माचना नगर, हमलापुर चौक, फॉरेस्ट ट्रेनिंग सेंटर, जजेस कॉलोनी, मांझी नगर, तिवारी पेट्रोल पंप के पास के क्षेत्र में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी।

# बैतूल समेत पूरे प्रदेश में कलमबंद आंदोलन, दुकानों पर लटके ताले

### उद्योग कार्यालय के सामने पैक्स कर्मचारियों की हड़ताल जारी




हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

मध्यप्रदेश सहकारिता समिति कर्मचारी महासंघ, भोपाल जिला इकाई बैतूल के पैक्स कर्मचारी गुरुवार 11 सितंबर को भी जिला उद्योग कार्यालय के सामने हड़ताल पर डटे रहे। कर्मचारियों का कहना है कि जब तक उनकी लंबित तीन सूत्रीय मांगों का निराकरण नहीं होता और शासन द्वारा जारी आदेशों का पालन जिला स्तर पर सुनिश्चित नहीं किया जाता, तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा। महासंघ के जिला अध्यक्ष अरुण अडलक ने बताया कि बीते 19 अगस्त को महासंघ पदाधिकारियों और आयुक्त एवं पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, विंध्याचल भवन के बीच हुई बैठक में तीन प्रमुख मांगों को लेकर चर्चा हुई, लेकिन कोई ठोस निर्णय नहीं होने पर आंदोलन को जारी रखने का फैसला किया गया। ज्ञापन में महासंघ ने बताया कि 26 सितंबर को भोपाल में विशाल प्रदर्शन, चक्काजाम और मुख्यमंत्री निवास, सहकारिता मंत्री निवास, विंध्याचल भवन जैसे स्थलों पर घेराव किया जाएगा। महासंघ ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि इन मांगों का समाधान निर्धारित तिथियों के पूर्व नहीं किया गया तो कर्मचारियों को आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। जिससे खाद-बीज वितरण जैसी आवश्यक सेवाएं बाधित होंगी, इसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन और प्रशासन की होगी।

## रेल रिजर्वेशन काउंटर बंद न किया जाए, सौंपा ज्ञापन




**शाहपुर।** डाकघर में रेलवे रिजर्वेशन काउंटर बंद किये जाने को लेकर नागरिकों में नाराजगी है। इस संबंध में रेल संघर्ष समिति, व्यापारी संघ एवं नागरिक ने डाकघर छिंदवाड़ा संभाग छिंदवाड़ा के अधीक्षक के नाम उप डाकपाल शरद कुमार जैन को अनुविभागीय अधिकारी शाहपुर के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि शाहपुर आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र होने के साथ-साथ पुनर्वास बंगाली समुदाय आदिवासी तथा अन्य जाति के लाखों लोग निवास करते हैं तथा व्यापारी, विद्यार्थी एवं अन्य लोग संपूर्ण भारत में निरंतर आवागमन करते हैं। शाहपुर डाकघर से चोपना, भौंरा, पाढर सहित शाहपुर ब्लॉक के 125 ग्राम के समस्त यात्री रेलवे रिजर्वेशन करते हैं। जिसके लिए यात्रियों नजदीकी का रेलवे रिजर्वेशन काउंटर शाहपुर डाकघर है। डाकघर शाहपुर में प्रतिवर्ष लाखों रूपये का रेलवे रिजर्वेशन यात्रियों के द्वारा कराया जाता है। इस वर्ष 2025 में 9 महीने में लगभग 30 लाख से अधिक का रेलवे रिजर्वेशन यात्री द्वारा डाकघर से करवाया गया है। ऐसे में उप डाकघर शाहपुर में संचालित रेलवे रिजर्वेशन काउंटर की सेवा निरंतर संचालित रखी जाये। ज्ञापन सौंपते समय बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

संक्षेप खबर

## रोजगार सहायक संघ ने ग्राम पंचायत में सचिवीय प्रभार देने की मांग की




**माखन नगर।** रोजगार सहायक संघ ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के नाम ज्ञापन देकर मांग की है कि जिन ग्राम पंचायत में सचिव नहीं है उन ग्राम पंचायत में रोजगार सहायक को सचिवीय कार्य का प्रभार दिया जाए शासन एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 4 सितंबर के पत्र का हवाला देते हुए यह मांग की है वर्तमान में कई ग्राम पंचायत में सचिव नहीं है और एक ही सचिव के पास एक से अधिक ग्राम पंचायत का प्रभार है जो की सही नहीं है किसी भी सचिव को एक से ज्यादा ग्राम पंचायत का प्रभार नहीं दिया जाए जिन ग्राम पंचायत में सचिव के रिक्त पद है वहां रोजगार सहायक को प्रभार दिया जाए एवं एक ज्ञापन आयुक्त के नाम देकर नियमित प्रतिमाह मानदेय देने की मांग की है विगत दो माह से रोजगार सहायकों को मानदेय नहीं मिला है जिससे उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है एवं परिवार के पालन पोषण में समस्या हो रही हैं।

### दावे तथा आपत्ति के लिए नगर परिषद ने दी थी 10 सितंबर तक की तिथि

# पीएम आवास योजना 2.0 के 1005 में से 315 आवेदन पाए गए अपात्र

प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 अंतर्गत सोहागपुर शहर में 1000 से अधिक आवेदकों ने नप में आवेदन दिये थे। जिनकी जांच में 300 से अधिक आवेदक अपात्र घोषित हुए हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

अपात्र घोषित आवेदकों की सूची भी नप कार्यालय में चस्पा की गई थी। तथा दावे एवं आपत्ति की तिथि 10 सितंबर बीत चुकी है। नगर परिषद सोहागपुर कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार शहर में प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के लिए 1005 आवेदकों ने आवेदन दिए थे। इन आवेदनों का माइक्रो वेरिफिकेशन किया गया। जिसके बाद प्रथम अनंतिम सूची अनुसार 315 आवेदकों के आवेदन अपात्र पाए गए हैं। तथा इन आवेदकों की सूची भी चार सितंबर 2025 को चस्पा की गई थी। सूची चस्पा कर आवेदकों को सूचित किया गया था कि वे 10 सितंबर 2025 तक अपात्र किए जाने पर दावे अथवा आपत्ति लिखित रूप से व्यक्त कर सकते हैं। आवास योजना शाखा नगर परिषद सोहागपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार 10 सितंबर की अंतिम तिथि तक प्रथम अनंतिम सूची पर कोई भी दावा अथवा आपत्ति किसी भी आवेदक द्वारा लिखित रूप से व्यक्त नहीं की गई है।




### यूं हुआ निर्धारण

नप से प्राप्त जानकारी अनुसार अपात्र आवेदकों की प्रथम अनंतिम सूची का निर्धारण एक आधार पर किया गया था। जिसके अनुसार इसमें वे आवेदन अपात्र माने गए हैं, जिनके पहले से ही आरसीसी के पक्के मकान बने हुए हैं। सूची के अवलोकन से भी स्पष्ट नजर आया है कि कई लोगों के दो से तीन मंजिला पक्के मकान बने हुए हैं। प्रथम अनंतिम सूची में उल्लेखित कई आवेदक बहुत संपन्न स्थिति में हैं। लेकिन सरकारी योजना का लाभ लेने के लालच में वे पात्रों का लाभ चबाने की मंशा के साथ गरीब आवेदक बनकर नगर परिषद के दरवाजे पर आवेदन लेकर खड़े हो गए थे। लेकिन उन्हें अपात्र घोषित किया गया है।

### अभी है प्रथम अनंतिम सूची

नगर परिषद सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा से हरिभूमि ने गुरुवार दोपहर चर्चा की। चर्चा में शर्मा ने बताया कि 315 आवेदकों को अपात्र घोषित करने की सूची अभी तो प्रथम अनंतिम सूची है। अभी भी शेष बचे आवेदनों की समीक्षा की जा रही है। जिसके आधार पर संभव है कि अपात्र आवेदकों की संख्या बढ़ सकती है। नगर परिषद सूत्रों ने बताया कि अब आवेदकों द्वारा आवेदन के साथ जमा की गई रजिस्ट्री का अवलोकन किया जा रहा है तथा रजिस्ट्री क्राइटेरिया के आधार पर भी पात्र तथा अपात्र आवेदक चिन्हित किए जाएंगे।

### जारी है कार्य

"प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की छंटनी जारी है। अभी अपात्रों की प्रथम अंतिम सूची घोषित की गई है।"-
**धर्मेंद्र शर्मा, सीएमओ नगर परिषद, सोहागपुर।**

# 45000 रुपए की लगी चपत पुलिस में दर्ज की शिकायत

### साइबर फ्रॉड का शिकार हुआ सोहागपुर का नागरिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर निवासी एक व्यक्ति साइबर फ्रॉड का शिकार हुआ है। जिसे साइबर फ्रॉड में लगभग रू 45000 की चपत लगी है। मामले में पीड़ित ने सोहागपुर थाने में शिकायती आवेदन दिया है।



सोहागपुर पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार गुरुवार को सरदार वार्ड सोहागपुर निवासी भगवानदास यादव के द्वारा शिकायत की गई है। जिसके अनुसार फेसबुक के माध्यम से नटराज कंपनी की लिंक ओपन कर लाभ का यादव को ऑफर दिया गया। तथा कहा गया कि उसे कंपनी के लिये काम करने पर 30000 महीना दिया जाएगा। यादव को फ्रॉड कंपनी द्वारा आईडी बना कर भी दी गई। फेसबुक पर बताए गए मोबाइल नंबर 7375015167 एवं 8112 052494 से अलग-अलग व्हाट्सएप वीडियो कॉल भी यादव को किये गए। इस दौरान अलग-अलग तरीके से 45000 कंपनी ने यादव से जमा कर लिए। जब और धनराशि जमा करने की बात कंपनी की ओर से कही गई, तब शिकायतकर्ता को शंका हुई कि साइबर फ्रॉड हो गया है। तब उसने तत्काल सोहागपुर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है।

पुलिस अधिकारियों ने शिकायतकर्ता को साइबर हेल्पलाइन 1930 पर भी शिकायत दर्ज कराने को कहा है। एएसआई गणेश राय के अनुसार किसी भी प्रकार के साइबर फ्रॉड होने पर 1930 नंबर पर तत्काल सूचित करें तथा सावधान रहें। सोहागपुर एसडीओपी संजू चौहान एवं टीआई ऊषा मरावी ने आमजनों से अपील की है।

### साई माखन परिसर में लगे पौधों की होगी फेंसिंग

**माखन नगर।** साईं माखन परिसर माखन नगर में सोमवार को समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें समिति केअध्यक्ष दीपक वर्मा द्वारा समिति द्वारा किए जा रहे विकास की सराहना की तथा सभी रह वासियों द्वारा मिलजुलकर किए जाने वाले कार्य की सराहना की तथा कॉलोनी में सभी चारों गार्डन में पर्यावरण हेतु वृक्षारोपण किए जाने पौधे रोपित किए जाएं सुरक्षा हेतु बाउंड्री जाली का प्रस्ताव रखा तथा समिति सहयोग हेतु हमेशा पूर्ण सहयोग देने की बात कही।

## पीएम श्री स्कूल के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को मिली स्कूटी



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

माखन नगर गुरुवार को पी एम श्री विद्यालय में माखन नगर विकास खंड विभिन्न शासकीय विद्यालयों के कक्षा 12वीं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने स्कूटी प्रदान की इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष सावित्री परिनामें विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुषमा पिपरे मॉडल स्कूल की प्राचार्य प्रीति झा मंडल अध्यक्ष मनीष चतुर्वेदी प्राचार्य निधीश गुरु पार्षद प्रतिनिधि सिल्लू मालवीय आकाश गर्ग सहित स्कूल के शिक्षक एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

## स्टेट हाईवे से अंदरूनी गलियों तक बस मवेशी राज, राहगीरों का चलना हुआ मुश्किल





हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

जिला प्रशासन द्वारा सड़क पर भटकते निराश्रित मवेशियों को गौशालाओं में पहुंचने का निर्णय लिया गया था। लेकिन सोहागपुर में अभी भी मवेशी स्टेट हाईवे पर बैठे देखे जा रहे हैं। मामले में सोहागपुर के पशु चिकित्सक की लापरवाही नज़र आ रही है। जो आदेश पालन की समीक्षा ही नहीं कर रहे हैं। और ना ही फील्ड पर काम कर रहे हैं।

नागरिकों के अनुसार निराश्रित मवेशियों को गौशाला में पहुंचने का अभियान फोटो निकलवाने तक सीमित रहा। जनता का कहना है कि स्टेट हाईवे सहित सोहागपुर शहर की अंदरूनी गलियों में भी मवेशी बैठे देखे जा सकते हैं। स्थिति यह है कि स्टेट हाईवे तथा अन्य मार्गों पर 'मवेशी राज' के चलते लोगों का आना जाना मुश्किल हो गया है साथ ही मवेशियों की आपसी लड़ाई से लोग चोटिल भी हो रहे हैं।

## ग्रामीण बैंक ने किया वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन, योजनाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद

मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक की स्थानीय शाखा द्वारा वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीण बैंक समेत बैंक के खाताधारकों बैंक के उच्च अधिकारियों द्वारा केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार की योजनाओं जिनमें अटल पेंशन योजना ,प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना,प्रधानमंत्री जन सुरक्षा बीमा योजना राज्य सरकार द्वारा संचालित लाड़ली लक्ष्मी योजना आदि के साथ बैंक खाता को निरंतर चालू रखने की जानकारी दी गई।

स्थानीय ग्राम पंचायत भवन मे मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक द्वारा आयोजित वित्तीय साक्षरता शिविर में अतिथि के रूप में ग्राम के सरपंच चेतन मीना की उपस्थिति मे मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक के सहायक महाप्रबंधक संजीव गाडगिल ने खाता धारकों को योजनाओं एवं खाता संचालन की जानकारी दी साथ ही बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक सुरेंद्र मीणा शाखा प्रबंधक विवेक गायकवाड प्रबंधक प्रभाकर बागडे शुभम लिटोरिया रामनिवास मीणा उमेश कुशवाहा राजा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं महिलाएं उपस्थित थे।



## शिकायत पर साफ करवाया मारूपुरा रेलवे स्टेशन मार्ग



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

शहर के गौतम वार्ड में गत दिनों एक सीसी रोड का निर्माण हुआ है। जिसकी गिट्टी, रेत एवं अन्य निर्माण सामग्री मारूपुरा रेलवे स्टेशन मार्ग पर रखी गई थी। लेकिन सड़क निर्माण के बाद भी यह सामग्री हटाई नहीं गई थी। जिससे लोगों की आवाजाही बाधित थी। जिसके बाद क्षेत्र के रहवासियों ने मामले में नगर परिषद को शिकायत की तथा सूचित किया कि गिट्टी, रेत तथा सीमेंट का कचरा व मिश्रण सड़क पर पड़े होने के कारण मार्ग पूरी तरह बाधित है। यहां तक की गिट्टी के कारण दोपहिया वाहन फिसलने से लोग चोटिल हो रहे हैं। जिसके बाद गुरुवार को नगर परिषद ने जेसीबी से सड़क साफ करवाई है।

## श्रीरामलीला महोत्सवः हथवास में रामलीला का हुआ आयोजन सेमरी हरचंद में रामलीला महोत्सव समिति का हुआ गठन



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया जनपद पंचायत कि ग्राम पंचायत हटथवासमे रामलीला का आयोजन किया गया जिसमें उत्तरप्देशसे 11पंडित की टीम ने आरंभकिया। खेड़ापति मंदिर परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। शुभारंभ पूर्व जिला सतर्कता समिति सदस्य अरविंदराय ने शुभारंभ किया।इस अवसर पर राम जी राय लोचन सागरप्रजापति नरेंद्र ललित विश्वकर्मा किशन साहु उपस्थित रहे। गणेश उत्सव में समिति सदस्य नरसिंह रावत गणेश रावत सरपंच प्रभाशंकर कोरी अविनाश कुमार ने पुरुस्कार विजेता टीम को प्रदान किया।

### कलाकार देंगे मनमोहक प्रस्तुति

सेमरी हरचंदः- नगर में 135 वर्ष से निरंतर स्थानीय कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन करने वाली समिति का 136 वे वर्ष के लिए गत दिवस नगर के स्थानीय बड़ा मंदिर मे बैठक का आयोजन हुआ जिसमें रामलीला महोत्सव समिति का गठन किया गया जिसमें समिति के संरक्षकों राजकुमार अग्रवाल, चेतन मीना सरपंच धर्मेंद्र पटेल , बृजमोहन पचौरी, अजय खंडेलवाल, राजेंद्र शर्मा, शरद खंडेलवाल की अनुशंसा पर सर्वसम्मति से मनमोहन अग्रवाल को समिति के अध्यक्ष के रूप में चयनित किया गया कोषाध्यक्ष हरि शंकर तिवारी को ब मंचन के लिए उपाध्यक्ष सचिव श्रृंगार समिति एवं रामचरितमानस व्यास भी बनाए गए समिति के पंकज दुबे ने बताया कि नगर में निरंतर 136 वें वर्ष में रामलीला का मंचन 22 सितंबर 2025 श्री गणेश पूजन से प्रारंभ होकर 8 अक्टूबर 2025 श्री राम भरत मिलाप के भव्य आयोजन केसाथ नगर की रामलीला का विश्राम होगा।



## कॉलेज में हुई मानसिक स्वास्थ्य व कल्याण विषय पर कार्यशाला हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



शहीद भगत सिंह महाविद्यालय में 11 सितंबर 2025 को मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया यह कार्यक्रम मेंटल हेल्थ वैलनेस क्लब एवं स्वामीविवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन के तत्वाधान में किया गया प्रारंभ में मां सरस्वपूजन के बाद प्राचार्य डॉ राजीव महेश्वरी ने स्वास्थ्य पर स्वागत भाषण दिया व्यक्ति के सर्वांगीण विकास को आवश्यक बताया इसकेपशचात डॉ एस के मेहरा ने युवाओं के लिए अच्छे मानसिक स्वास्थ्यको बताया कार्यशाला में मुख्य वक्ता रामकिशोर दुबे संदीपनी विद्यालयमे प्राचार्य संजीव दुबे एवं सहागपुर मैं रही भक्तों ने भारतकी प्राचीन समृद्धिका उदाहरण पेश किया। 102 विद्यार्थियों नेभाग लिया डॉ कमल वाधवा ने कई व्यवहार एक उदाहरण के माध्यमसे बच्चोंको प्रेरितकिया कार्यक्रम का सचालनकिटी मौर्य ने किया। आभार डा अनिता सेन ने किया।

## राहगीरों से छीना झपटी करने वाले चार आरोपियों को गोपालपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भैरूंदा।** फरियादी माखन राठौर ने 28अगस्त की रात्री करीब 10 बजे सुकरवास स्थित अपने मेडिकल बंद करके घर जा रहा था तभी वासुदेव व मगरिया के मार्ग बीच सड़क पर दो मोटर सायकल से आये चार व्यक्तियो द्वारा उसकी मोटर सायकल रोक कर मोटर सायकल पर रखा काला बैग छीन कर ले गये। बैग में फरियादी के 20700 रुपये नगदी मोबाईल व अन्य जरुरत का सामान रखा हुआ था। रिपोर्ट पर थाना गोपालपुर पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपीयो के विरुध्द अपराध क्रमांक 1742/25 धारा 304(2) बीएनएस का कायम कर विवेचना मे लिया गया।

पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला द्वारा अज्ञात आरोपीयो की जल्द पतारशी हेतु निर्देशित किया गया इसी तारतम्य मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत व एसडीओपी भैरुंदा रोशन कुमार जैन के मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी निरी. महेन्द्र सिंह गौड़ के नेतृत्व में थाना गोपालपुर की पुलिस टीम द्वारा अज्ञात आरोपीयो की पतारशी हेतु मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर मुखबीर सूचना एवं तकनीकि साक्ष्य के आधार पर घटना को अंजाम देने वाले आरोपी। जगदीश उर्फ जग्गा पिता कचरुलाल मेहरा उम्र 31 साल निवासी चन्दपुरा, 2. कपूर पिता चन्दर सिंह उईके जाति गौड उम्र 20 साल निवासी चन्दपुरा, 3. दिलीप पिता बलराम कुमरे जाति गौड़ उम्र 28 साल निवासी चन्दपुरा, 4. वीरप्रताप उर्फ मोटा पिता राजेश भुसारिया जाति कोरकू उम्र 19 साल नि. हंडिया को गिरफ्तार किया।



## बाल मित्रयोजना के अंतर्गत थाना प्रभारी के द्वारा दी गई जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

मध्य प्रदेश शासन पुलिस विभागके द्वारा बालमित्र योजना की जानकारी थाने में बुलाकर छात्र-छात्राओं को दी गई। स्टेशन रोड थाना प्रभारी ने बताया कि बाल मित्र योजनाका विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जो 15 सितंबर 2025 तक चलेगा। जिसके अंतर्गत उप निरीक्षक सहायक निरीक्षक उपनिरीक्षक प्रधान आरक्षक आरक्षक के द्वारा स्टेशन रोड थाने में सर्वोदय विद्यापीठ हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं बुलाया गया। जिनके साथ स्कूल के सचालक आनंद प्रकाश शर्मा सभीशिक्षक शिक्षिका छात्र-छात्राओं ने थाने में अपनी उपस्थिति दर्जकराई। तथापुलिसने बताया डायल 112 गुड टच बैड टच सी सी टी एन एस नागरिक सेवा यातायात व्यवस्था गन लायसेंस चरित्र प्रमाण पत्र पासपोर्ट हेल्पलाइन नंबर के संबंध में जानकारी दी गई।

## माखन दादा प्रतिमा स्थल पर सियासी संग्राम कांग्रेस बोली, "इतिहास से हुई छेड़छाड़"

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

माखन दादा प्रतिमा स्थल पर नगर परिषद द्वारा किए जा रहे जीर्णोद्धार कार्य ने विवाद खड़ा कर दिया है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि भाजपा इतिहास बदलने और प्रतिमा स्थल को राजनीतिक रंग देने की कोशिश कर रही है। नगर परिषद ने प्रतिमा स्थल पर लगा पुराना लोकार्पण पत्थर हटाकर नया पत्थर लगाने की प्रक्रिया शुरू की है। इस पर आपत्ति जताते हुए नगर कांग्रेस अध्यक्ष संजय गिल्ला ने कहा कि जिस बोर्ड पर माखन दादा का नाम लिखा है, उसे भाजपा के रंग में बनाया गया और उस पर कमल का फूल अंकित किया गया है। गिल्ला का कहना है कि "माखन दादा राजनीति से हमेशा दूर रहे। उन्होंने मुख्यमंत्री पद तक ठुकरा दिया था, ऐसे में भाजपा द्वारा उनकी प्रतिमा को राजनीतिक रंग देना गलत है।" 18 अक्टूबर 2004 को नगर पंचायत अध्यक्ष निकुंजलता गुरु के कार्यकाल में माखन दादा की प्रतिमा का अनावरण हुआ था। उस समय के मुख्य अतिथि गिरजा शंकर शर्मा (तब भाजपा, वर्तमान कांग्रेस नेता) थे, जबकि अध्यक्षता विजय पाल (तब पुस्तक निगम अध्यक्ष, वर्तमान भाजपा विधायक) ने की थी। कांग्रेस का कहना है कि उस समय लगाया गया पत्थर ऐतिहासिक महत्व रखता है और उसे हटाना उचित नहीं। पूर्व उपाध्यक्ष रामराज जांगड़े ने बताया कि अध्यक्ष प्रतिनिधि आकाश तिवारी ने पुराने पत्थर को पुनः लगाने का आश्वासन दिया है। यदि ऐसा नहीं हुआ तो आंदोलन की चेतावनी दी गई है। इस संबंध में अध्यक्ष प्रतिनिधि नगर परिषद माखन नगर आकाश तिवारी का कहना है कि शिलालेख हटाने का विवाद निराधार है प्रतिमा स्थल पर जीर्णोद्धार कार्यचल रहा है उसे हटा कर रखा गया है निर्माण पश्चात पुराना शिलालेख लगा दिया जाएगा ।




# प्रतिभा के साथ आए अंतरिक्ष यात्री ने किया शहर की सड़कों का मुआयना

## कलेक्टर के नाम संयुक्त कलेक्टर सिंघई को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

खंडवा शहर की सड़कों का हाल इतना दयनीय हो गया है कि चाँद की सतह पर भी इतने गड्ढे नहीं होंगे जितने खंडवा में हैं। यह बात कांग्रेस शहर अध्यक्ष प्रतिभा रघुवंशी ने कही। भ्रष्टाचार और लापरवाही के कारण पूरे शहर की सड़कें खस्ता हालत में पहुंच गई हैं। आम जनता जलभराव, गहरे गड्ढे और ट्रैफिक जाम की समस्या से जूझते हुए भाजपा सरकार की नालायकी को कोस रही है। इस गंभीर स्थिति के विरोध में जिला कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि 11 सितंबर गुरुवार को दोपहर 1 बजे नगर निगम तिराहे से लेकर शेर चौराहा तक कांग्रेस शहर अध्यक्ष प्रतिभा रघुवंशी के नेतृत्व में अनोखा विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान प्रतिभा रघुवंशी के साथ चाँद से आए अंतरिक्ष यात्री ने खंडवा शहर की सड़कों का बारीकी से मुआयना किया। सभी गड्ढों पर भाजपा के निशान लगाकर भाजपा सरकार व प्रशासन की लापरवाही उजागर की गई। प्रतिभा रघुवंशी ने बताया कि खंडवा की सड़कें बेहद खराब स्थिति में हैं, जिसकी वजह से आम जनता की जान पर बन आई है। कई स्थानों पर दुर्घटनाओं में बेगुनाहों की मौत हो चुकी है। आंदोलन के दौरान कॉलेज की छात्राओं से पूछने पर उन्होंने भी सड़कें खराब होने पर गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं और दुर्घटनाओं की पुष्टि की।



### गहरे गड्ढों से आमजन का आवागमन कठिन हो गया

कांग्रेस रैली कलेक्टर कार्यालय तक पहुँच कर संयुक्त कलेक्टर ऋषि कुमार सिंघई को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में निवेदन किया गया कि खंडवा शहर की बॉम्बे बाजार रोड, तीन पुलिया, रेलवे ब्रिज मार्ग सहित अन्य मुख्य सड़कें खस्ताहाल हैं। गहरे गड्ढों से आमजन का आवागमन कठिन हो गया है। साथ ही सड़कें खराब होने से धूल एवं प्रदूषण का बढ़ता प्रभाव नागरिकों के स्वास्थ्य पर गंभीर असर डाल रहा है। विशेष रूप से नगर निगम नेता प्रतिपक्ष दीपक मुल्लू राठौर ने कहा कि यह स्थिति प्रशासन की घोर नाकामी को दर्शाती है। प्रदर्शन के बाद कांग्रेस जन नेता प्रतिपक्ष दीपक मुल्लू राठौर के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस सचिव सुनील आर्य, महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष हेमलता पालीवाल, सुनीता सकरगायें, सरोज बघेल, अर्चना बलराम वर्मा, शांतनु दीक्षित, बाबा भाई, विकास व्यास, प्रेमांशु जैन, दिव्यांश ओझा, विनीत सकरगायें, चैनसिंह वर्मा, इकबाल कुरैशी, इमरान गौरी, हन्नान खोकर, मुन्नु बाबूजी, मो. शब्बीर क़ादरी, असलम गौरी, बबलू पटेल, मोइज खान, शराफत खान, मनोज कसेरा, मनोज मंडलोई, हुकुम मेलूंदे, संदीप सोनी, शहजाद पवार, रशीद बाठिया, सागर पवार, मेहमूद खान, चंदन राजपूत, वीरेंद्र गौतम, आसिम पटेल, यशवंत सिलावट, नासिर खान, अक्षत अग्रवाल, अय्यूब लाला, कादर खान, देवेंद्र थिटे, रतन सक्सेना, अयान खान, नरसिम्हा, प्रितेश जैन, सुनील पासी, असलम भाई, अश्विनी चौहान सहित अन्य कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### कृषि उद्योग समागम नवंबर में सीहोर में होगा

**सीहोर।** कृषि विकास एवं किसानों को आधुनिक तकनीकों से सीधे जोड़ने के दृष्टिकोण को क्रियान्वित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राज्य शासन द्वारा इस वर्ष 'कृषि उद्योग समागम-2025 (एग्रीकल्चर इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव) का आयोजन नवंबर माह में सीहोर में किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन वृहद स्तर पर कई विभागों की सहभागिता से किया जाएगा। इसके सफल क्रियान्वयन के लिए राज्य शासन द्वारा समिति गठित की गई है। समिति के अध्यक्ष सचिव, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग होंगे। आयुक्त सह संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विभाग को सदस्य एवं आयुक्त सह संचालक, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग को सदस्य सचिव बनाया गया है। सदस्यों में आयुक्त, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, आयुक्त औद्योगिकी नीति एवं निवेश प्रोत्साहन, आयुक्त सहकारिता, आयुक्त जनसंपर्क, संचालक मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास, संचालक पशुपालन एवं डेयरी, संचालक कृषि अभियांत्रिकी, प्रबंध संचालक मण्डी बोर्ड, प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश राज्य कृषि उद्योग विकास निगम और मिशन संचालक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन शामिल हैं।

### पिछले 24 घंटे में 3 एमएम बारिश दर्ज

**सीहोर।** जिले में बीते 24 घंटे में सुबह 8 बजे तक 3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केंद्र सीहोर में 13.3, मिलीमीटर, श्यामपुर में 11, आष्टा में 0, जावर में 0, इछावर में 0, भैरूंदा में 0, बुधनी में 0, रेहटी में 0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 1 जून से 10 सितम्बर को सुबह 8 बजे तक 937.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 997.4 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से 10 सितम्बर 2025 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 863.3, मिलीमीटर, श्यामपुर में 879, आष्टा में 708, जावर में 690.6, इछावर में 867.3, भैरूंदा में 984, बुधनी में 1308 तथा रेहटी में 119.8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना आवेदन की अंतिम तिथि 18 सितंबर

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार शैक्षणिक सत्र 2024-25 एवं 2025-26 के अंतर्गत विमुक्त घुमन्तु और अर्द्ध घुमन्तु समुदाय के विद्यार्थियों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के ऑफलाईन नवीन आवेदन प्रारंभ हो गए है, जिसकी अंतिम तिथि 18 सितंबर 2025 है।

## स्मार्ट बिजली मीटर लगने के बाद आए बढ़े हुए बिल को लेकर उपभोक्ताओं ने जताया रोष

# स्मार्ट मीटर से जनता परेशान, अचानक दो गुना बढ़े बिल, कांग्रेस ने दी आंदोलन की चेतावनी

सीहोर। शहर में बिजली कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने के बाद लोगों का बिजली के बिल ज्यादा आ रहे हैं। बुधवार को स्मार्ट बिजली मीटर लगने के बाद आए बढ़े हुए बिल लेकर उपभोक्ताओं ने रोष जताया। वहीं इछावर तहसील में स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिल अधिक आने के कारण आत्महत्या करने का प्रयास किया। इस तरह हर रोज जिले स्मार्ट मीटर से जुड़े मामले सामने आ रहे हैं। वहीं अब इस मामले को लेकर कांग्रेस भी हमलावर हो गई। जिला कांग्रेस कमेटी ने आंदोलन की चेतावनी दी है।

### एक माह में दो बार आए बिजली बिल:स्मार्ट मीटरों को लेकर बढ़ रही शिकायतें, कंपनी कार्यालय में उपभोक्ताओं ने जताया विरोध



**सीहोर।** स्मार्ट मीटर लगने के बाद से बिजली उपभोक्ताओं की समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। बुधवार को बड़ी संख्या में उपभोक्ता बिजली कंपनी के कार्यालय पहुंचे और वहां अधिकारियों के सामने जमकर नाराजगी जाहिर की। उनका आरोप था कि स्मार्ट मीटर के जरिए एक ही महीने में दो बार बिजली बिल थमाया जा रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

कई उपभोक्ताओं ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद से ही बिजली व्यवस्था को लेकर दिक्कतें शुरू हो गई थीं, लेकिन अब एक ही माह में दो-दो बिल आने से स्थिति असहनीय हो गई है। उपभोक्ताओं का कहना है कि इस बारे में जब उन्होंने कंपनी अधिकारियों से जवाब मांगा तो कोई संतोषजनक उत्तर नहीं मिला।

#### स्मार्ट मीटर से सहूलियत के बजाय बढ़ी परेशानी

जानकारी के अनुसार, सीहोर शहर में विद्युत वितरण कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने का काम बीते कुछ महीनों से किया जा रहा है। कंपनी का दावा था कि इन मीटरों से उपभोक्ताओं को समय पर रीडिंग, सटीक बिल और ऑनलाइन पेमेंट की सुविधा मिलेगी।

लोगों का आरोप है कि वास्तव में स्थिति इसके अलग है। उपभोक्ताओं को बार-बार मीटर बंद (ऑटो कट) होने, दोहरी बिलिंग और तकनीकी गड़बडियों का सामना करना पड़ रहा है।

#### बार-बार लगाना पर रहे बिजली कपंनी के चक्कर

स्थानीय उपभोक्ताओं ने बताया कि कई बार मीटर अपने आप कट हो जाता है और बिजली गुल हो जाती है। शिकायत दर्ज कराने के बाद भी कई दिन तक मीटर चालू नहीं किया जाता। अब दो-दो बार बिल भेजे जाने की समस्या ने उपभोक्ताओं के सब्र का बांध तोड़ दिया है। कंपनी के दावे जहां सुविधा देने के थे, वहीं उपभोक्ता अब बिजली कार्यालय के लगातार चक्कर लगाने को मजबूर हैं।

#### अधिकारी नहीं दे सके संतोषजनक जवाब

बिजली बिल को लेकर शिकायत दर्ज कराने पहुंचे उपभोक्ताओं ने बताया कि कंपनी कार्यालय में मौजूद अधिकारी भी उनकी बातों का कोई स्पष्ट और संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। इससे लोगों की नाराजगी और बढ़ गई। उपभोक्ताओं ने मांग की है कि इस गड़बड़ी की जल्द से जल्द जांच हो और दोषी तकनीकी स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

### मदद करना पड़ा भारी: बिजली विभाग की मनमानी से तंग ग्रामीण ने की जान देने की कोशिश




सीहोर। इछावर विधानसभा के ग्राम प्रतापपुरा में एक ग्रामीण विद्युत वितरण कंपनी की मनमानी से इतना तंग आ गया कि वह जान देने पर उतारू हो गया। ग्रामीण सबसे पहले ट्रांसफार्मर के पास पहुंचा, जहां ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया, जिसके बाद बिजली कंपनी के सुपर वाइजर के कमरे में पहुंचा, जहां उसने फांसी लगाने की कोशिश की, लेकिन ग्रामीण व परिजनों ने रोक लिया।

जानकारी के अनुसार कुछ दिन पहले बिजली कंपनी के कर्मचारी प्रतापपुरा गांव में बकाया बिल वाले उपभोक्ताओं का पता पूछने आए थे। उस दौरान पीड़ित ग्रामीण ने उनकी मदद करते हुए कुछ घरों के पते बता दिए। जब उन घरों में नोटिस पहुंचे, तो गुस्साए ग्रामीणों ने उसी मददगार को घेर लिया और उस पर दबाव बनाया कि अब वही उनके बिल भरेगा।

#### ट्रांसफार्मर के बाद सुपरवाइजर के कमरे में कोशिश

मानसिक दबाव से घबराकर वह ग्रामीण बुधवार को मदद मांगने के लिए बिजली दफ्तर पहुंचा, लेकिन जब सुपरवाइजर ने उसकी मदद करने से इनकार कर दिया तो वह हताश हो गया। पहले उसने ट्रांसफार्मर पर चढ़कर आत्महत्या करने की कोशिश की। लोगों ने उसे मुश्किल से नीचे उतारा। इसके बाद वह सुपरवाइजर के कमरे में घुस गया और फांसी लगाने का प्रयास करने लगा। उसके साथ आईं महिलाओं ने दरवाजा तोड़कर उसे बाहर निकाला और शांत किया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है।

### विद्युत वितरण कंपनी का नया कारनामा एक माह में दे रहे हैं दो बार बिजली बिल



**सीहोर।** विद्युत विभाग द्वारा लगाये जा रहे स्मार्ट मीटरों पर आये दिन देखी जा रही उपभोक्ताओं की शिकायतों पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती ने बयान जारी करते हुए बताया कि जानकारी के अनुसार, सीहोर जिले में विद्युत वितरण कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने का काम बीते कुछ महीनों से किया जा रहा है। जब से यह स्मार्ट मीटर लगाये जा रहे हैं तभी से उपभोक्ताओं की शिकायत है कि यह स्मार्ट मीटर बार-बार बंद (ऑटो कट) हो रहे हैं, महिनें में दो बार हो रही बिलिंग सहित अन्य तकनीकी गड़बडियों का सामना उपभोक्ताओं को करना पड़ रहा है। स्मार्ट मीटर से परेशान उपभोक्तओं को बार-बार बिजली कपंनी के चक्कर लगाना पड़ रहे।

स्थानीय उपभोक्ताओं द्वारा यह भी जानकारी मिली है कि कि कई बार मीटर अपने आप कट हो जाता है और बिजली गुल हो जाती है। शिकायत दर्ज कराने के बाद भी कई दिन तक मीटर चालू नहीं किया जाता। अब दो-दो बार बिल भेजे जाने की समस्या ने उपभोक्ताओं के सब्र का बांध तोड़ दिया है। कंपनी के दावे जहां सुविधा देने के थे, वहीं उपभोक्ता अब बिजली कार्यालय के लगातार चक्कर लगाने को मजबूर हैं।

उपभोक्ताओं की स्मार्ट मीटर को लेकर नाराजगी को देखते हुए कांग्रेस पार्टी के द्वारा पूर्व में भी नागरिकों के साथ कई बार बिजली विभाग को स्मार्ट मीटर के विरोध में ज्ञापन सौंपे गये हैं, परन्तु नतिजा जस का तस ही है और देखने में आ रहा है कि सीहोर में स्मार्ट मीटर लगने के बाद से बिजली उपभोक्ताओं की समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। इसी समस्या को लेकर बुधवार को भी बड़ी संख्या में उपभोक्ता बिजली कंपनी के कार्यालय पहुंचे और वहां अधिकारियों के सामने जमकर नाराजगी जाहिर की। उनका आरोप था कि स्मार्ट मीटर के जरिए एक ही महीने में दो बार बिजली बिल थमाया जा रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। कई उपभोक्ताओं ने यह भी बताया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद से ही बिजली व्यवस्था को लेकर दिक्कतें शुरू हो गई है, लेकिन अब एक ही माह में दो-दो बिल आने से स्थिति असहनीय हो गई है और कंपनी अधिकारियों द्वारा संतोषजनक उत्तर नहीं मिल रहा है। स्मार्ट मीटरों में हो रही गड़बडिय़ों ने उपभोक्ताओं के सब्र का बांध तोड़ दिया है। वे दूसरे और किसानो को सालो पुराने नोटिस थमाकर भी उन्हें डराने का प्रयास किया जा रहा है। जो सही नहीं है। राजीव गुजराती ने मांग की है कि स्मार्ट मीटरों में हो रही गड़बड़ी की जल्द से जल्द जांच हो और दोषी तकनीकी स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई की जाए। अन्यथा जनहित में कांग्रेस पार्टी द्वारा आगामी दिनों में जनता के साथ सडक़ पर उतर कर बड़ा आन्दोलन किया जावेगा, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी विद्युत विभाग की होगी।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस को लेकर शिक्षकों को एल्बेंडाजोल गोली खिलाने का प्रशिक्षण दिया

**खंडवा।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस आगामी 23 सितंबर को जिले भर में मनाया जाएगा। इस अवसर पर 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों को कृमि नाशक एल्बेंडाजोल की गोली का सेवन कराया जाएगा। इस अभियान के तहत सभी शासकीय, अशासकीय, निजी एवं अनुदान प्राप्त शालाएं, आदिवासी आश्रम शालाएं, छात्रावास एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों पर बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली दी जाएगी।

जो बच्चे 23 सितंबर को गोली खाने से छूट जाएंगे, उनके लिए 26 सितंबर को मॉपअप राउंड का आयोजन किया जाएगा, जिसमें उन्हें एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। इस क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किल्लौद व जनपद पंचायत पुनासा में गुरुवार को बी.एम.ओ. धर्मेन्द्र शर्मा व डॉ. रविन्द्र मण्डलोई ने विकासखंड के नोडल शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण में यह बताया गया कि किस प्रकार से 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाए। शिक्षकों को बच्चों को सही ढंग से गोली खिलाने की पूरी प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य सुनिश्चित करना है कि आगामी राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर सभी बच्चे समय पर और सही तरीके से एल्बेंडाजोल की गोली ग्रहण करें, ताकि जिले में कृमि संक्रमण से बच्चों को मुक्ति दिलाई जा सके।




## मप्र से 4 महिला विधायक होंगी सम्मिलित

# तिरुपति में महिला सशक्तीकरण सम्मेलन में शामिल होंगी विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा



मध्यप्रदेश विधानसभा सचिवालय से मिली जानकारी के अनुसार, विधायक छाया मोरे तिरुपति (आंध्र प्रदेश) में 14 और 15 सितंबर 2025 को आयोजित होने वाले ह्लमहिला सशक्तीकरण हेतु विधायी समितियों का सम्मेलनह्व में शामिल होंगी। इस सम्मेलन में प्रदेश से कुल चार महिला विधायक प्रतिनिधित्व करेंगी। छाया मोरे इस समय महिला एवं बाल विकास की विधानसभा स्तरीय समिति की सदस्य भी हैं। सम्मेलन में उन्हें महिलाओं के सशक्तिकरण और कल्याण से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार एवं सुझाव साझा करने का अवसर मिलेगा। सम्मेलन का व्यापक विषय ह्लविकसित भारत के लिए महिला नेतृत्व में विकासह्व रखा गया है। उद्घाटन सत्र के बाद प्रतिनिधि दो उपविषयों पर चर्चा करेंगे। जेंडर रिस्पॉन्सिव बजटिंग, उभरती प्रौद्योगिकियों की चुनौतियों का सामना करने हेतु महिलाओं का सशक्तीकरण इस दौरान विधायक मोरे अपने अनुभव और दृष्टिकोण से महिलाओं की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने पर सारगर्भित सुझाव प्रस्तुत करेंगी। गौरतलब है कि विधायक छाया मोरे विधानसभा में भी क्षेत्र के विभिन्न जनहित मुद्दों पर मुखरता से अपनी बात रखने के लिए जानी जाती हैं। उनका यह दौरा न केवल खंडवा बल्कि पूरे प्रदेश की महिलाओं की आवाज़ को राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने का माध्यम बनेगा।

## फसल बीमा क्लेम नहीं मिलने पर बीते 20 दिन से लगातार हो रहे प्रदर्शन

# बीमा राशि-खराब सोयाबीन को लेकर महिलाएं उतरी मैदान में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

अभी तक तो 20 दिनों से ग्रामीण किसान भोपाल सीहोर शाजापुर जिले के अलग-अलग गांव में कहीं नदी में कहीं पेड़ों पर कहीं रोड पर कहीं पानी की टंकी पर प्रदर्शन कर रहे थे। यह आंदोलन किसान व समाजसेवी एमएमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में पिछले 20 दिनों से किया जा रहा है जिसको लेकर कलेक्टर सीहोर को भी दर्जनों गांव के किसानों ने ट्रॉली भर कर आकर ज्ञापन भी दिया जा चुका है। जब प्रशासन शासन ने किसानों की सुनवाई नहीं की कोई भी अधिकारी बीमा कंपनी के किसानों के बीच में नहीं पहुंचा खराब सोयाबीन की फसल को देखने नहीं पहुंचा बीमा राशि नहीं मिली तो अब मैदान में महिलाएं किसान खराब फसल के खेतों में उतर आए हैं हाथों में खराब फसल लिए हुए नारे लगा रही हैं इनमें से एक महिला शिप्रा भाई तो इतनी दुखी हुई है। शिप्रा भाई का कहना है कि मेरी 5 साल से बीमा नहीं मिला हर साल सोयाबीन की फसल बर्बाद हो जाती है 2 दिन से मेरे बच्चों ने खराब सोयाबीन को देखकर खाना तक नहीं खाया शिप्रा भाई से रहा नहीं गया वह खराब सोयाबीन की फसल में बैठकर फूट फूट कर रोने लगी जिसको गांव की अनेकों महिलाओं ने समझाया बुझाया। शिप्रा बाइ का रो-रोकर बुरा हाल था सभी महिलाओं ने उनको हवा करके उन्हें शांत कराया समझाया बुझाया लेकिन सरकार के बीमा कंपनी के अधिकारियों को जो तक नहीं रहेंगे रहा है अभी तक तो किसान आंदोलन कर रहे थे लेकिन अब महिलाएं मैदान में उतराई। इस मौके पर गोरा बाई उर्मिला परमार अयोध्या बाई अवंती बाई मैं भी अपने-अपने स्तर से दुखड़ा बताया कि हम किस तरह परेशान हैं हम महिलाएं 24 घंटा दिन रात खेतों में काम करते हैं।



# निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण व तेजी से पूर्ण किए जाएं : कलेक्टर



**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले के ग्राम मंडी में सीप-अंबर सिंचाई परियोजना का निरीक्षण किया और परियोजना के कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने परियोजना के फेज-1 और फेज-2 के अंतर्गत हो रहे निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परियोजना के कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढ़ंग से समयसीमा में पूर्ण करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने ग्राम मंडी में जल निगम के इंटेकवेल और लाड़कुई के ग्राम चौरसाखेड़ी में जल निगम के जल शोधन केंद्र का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जल निगम की इस परियोजना से चिन्हित ग्रामों के नागरिकों के लिए जलापूर्ति सुनिश्चित होगी।